# डीआईजी ने डीएम-एसपी के साथ किया तिगरी गंगा मेला स्थल का निरीक्षण





**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मंडल मुनिराज ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के साथ गंगा तिगरी मेला की तैयारी का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और प्रगति जानते हुए कार्यों में तेजी लाते हुए कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मंडल मुनिराज ने बताया कि इस बार भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं और इसके मद्देनजर फोर्स की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि स्टंटबाजी या खुराफाती कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। यातायात और पार्किंग के लिए इस तरह कार्य योजना बनाई गई है जिससे श्रद्धालुओं के साथ आमजन को भी किसी तरह की समस्या न हो। डीआईजी ने तिगरी गंगा मेला को भव्य, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला में लाखों श्रद्धालु आते हैं। इसलिए, सभी अधिकारी समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से पूर्ण करें, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हों। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि गंगा जी के पानी पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित घाट उपलब्ध कराने के दृष्टिगत घाटों को बेहतर और सुरक्षात्मक बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सड़कों का कार्यों का निरीक्षण कर तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ जगह पर नमी है उनको जल्दी-जल्दी जुताई कर सुखाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि कोतवाली लगभग बनकर तैयार हो चुकी है प्रशासनिक और अन्य सेक्टर कट कर तैयार हो चुके हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीपदान स्थल और रंगोली स्थल भी चिन्हित कर लिए गए हैं। सभी सेक्टर में पेयजल आपूर्ति और प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हम और भी बेहतर स्वच्छ, सुरक्षित और भव्य मेला आयोजित करेंगे। महिलाओं के लिए शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने पूरे परिवार के साथ आए और सुरक्षित स्नान करें। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस के साथ-साथ पीएसी भी तैनात रहेगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी नजर रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाएगा ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग, बाढ़ खंड सहित संबंधित अधिकारी और कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धनौरा पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार




**मंडी धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध कच्ची शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है। बता दें कि बृहस्पतिवार को थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा वांछित वारंटी व चैकिंग संदिग्ध वाहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो युवकों पिंटु पुत्र हरचन्द निवासी ग्राम शेरपुर थाना मंडी धनौरा अमरोहा व उमेश पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम शेरपुर थाना मंडी धनौरा अमरोहा को 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से पुलिस ने अलग अलग प्लास्टिक के थैलों में 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। जिसके बाद धनौरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवकों का संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए पुलिस ने की विशेष पहल





**सम्भल(सब का सपना):-** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत जनपद सम्भल में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में 23 अक्टूबर को जनपद के सभी थानों में महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में बालिकाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ महिला संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। महिला पुलिसकर्मियों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, और महिला शक्ति केंद्र योजना जैसी योजनाएं शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, पुलिस विभाग की हेल्पलाइन सेवाओं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102 और एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में पम्फलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। मोबाइल पर पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी दिखाया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित व सशक्त वातावरण प्रदान करना है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि महिलाएं अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# भाई दूज पर बाजारों में बंपर बिक्री, सड़कों पर जाम



टीचर्स कालोनी हसनपुर में भैया दूज पर अपने भाई गर्व राज को तिलक करती बहन यशिका राज।



ढवारसी में भाई हर्ष को तिलक लगाती बहन यशिका

**अमरोहा (सब का सपना):-** भाई दूज गुरुवार को पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और जीवन में खुशहाली की कामना की। शुभ मुहूर्त में बहनों ने रोली, अक्षत और चंदन का तिलक लगाकर भाइयों का सत्कार किया। थाली में सजे दीपक, मिठाई और गोले के बीच यह रस्म पूरी की गई। बहनों ने यम देवता से अपने भाइयों की रक्षा और सफलता के लिए प्रार्थना की, वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपना स्नेह और आजीवन सुरक्षा का वचन दिया। भाई दूज के चलते बाजारों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। मिठाई और गोले की बिक्री ने इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। मिठाई की दुकानों पर लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों ने जमकर खरीदारी की। उपहारों की दुकानों पर भी खूब भीड़ उमड़ी। भाई दूज पर बहनों के घर जाने वाले भाइयों और अन्य लोगों की आवाजाही के कारण शहर के मुख्य रास्तों पर जाम जैसी स्थिति देखने को मिली।

सड़कों पर वाहनों का अत्यधिक दबाव रहा। जिससे कई स्थानों पर यातायात धीमा हो गया। भाई दूज का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भारतीय संस्कृति की परंपराओं को मजबूती से आगे बढ़ाता हुआ दिखाई दिया।

# भाई दूज पर बहनों ने भाइयों के माथे पर लगाया तिलक, मांगी दीघार्यु और खुशहाली की कामना





**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** पांच दिवसीय हिंदू त्योहार दीपावली के समापन के दो दिन बाद जनपद संभल के बहजोई में भाई दूज का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख, और समृद्धि की मंगल कामना की। भाई दूज, जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते और एकता का प्रतीक है, इस दिन बहनें अपने भाइयों के लिए विशेष पूजा-अर्चना करती हैं और तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों के घर जाकर इस रिश्ते को और मजबूत करते हैं। बहजोई में सुबह से ही घर-घर में इस त्योहार की तैयारियां देखी गईं। बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाइयों का स्वागत किया और तिलक समारोह के बाद उपहारों का आदान-प्रदान किया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह त्योहार न केवल भाई-बहन के प्रेम को दशार्ता है, बल्कि परिवारों में एकजुटता और खुशहाली का संदेश भी देता है। इस अवसर पर बहजोई के बाजारों में भी रौनक रही, जहां मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर खासी भीड़ देखी गई। भाई दूज के इस पावन पर्व ने एक बार फिर रिश्तों की गर्माहट और परंपराओं की महक को जीवंत कर दिया।

# शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने मुंहबोले मुस्लिम भाई को तिलक कर की हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश





**संभल(सब का सपना):-** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के प्रतीक भैय्या दूज के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने जाति-धर्म-दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक अनूठी मिसाल कायम की। उन्होंने अपने मुंहबोले मुस्लिम भाई, मदरसा मौलाना मोहम्मद अली जौहर के प्रबंधक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौहम्मद फिरोज खान 'हिन्दुस्तानी' को तिलक लगाकर दूज मनाई। यह रस्म न केवल भाई-बहन के स्नेह को मजबूत करती है, बल्कि हिंदू-मुस्लिम सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक भी बनी। मंत्री गुलाब देवी ने इस अवसर पर कहा, "भाई-बहन के असीम प्रेम और अटूट विश्वास से परिपूर्ण भैय्या दूज अपने आप में एक अनोखा और अनूठा त्योहार है। यह ऐसा पर्व है जो आपस में नए रिश्ते जोड़कर उनका जश्न मनाता है। हमारे परिवारों में नए सदस्यों को जोड़ता है, जिसमें बहनें अपने भाइयों को तिलक कर उनके स्वास्थ्य, लंबी आयु, खुशहाली और तरक्की की कामना करती हैं।" उन्होंने जोर देकर कहा कि यह त्योहार न केवल पारिवारिक बंधनों को मजबूत करता है, बल्कि समाज में एकता का संदेश भी देता है। गुलाब देवी और मौहम्मद फिरोज खान के बीच का यह रिश्ता वर्षों पुराना है। रक्षाबंधन पर राखी बांधने से लेकर भैय्या दूज पर तिलक लगाने तक, दोनों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की है। गुलाब देवी,ने मुंहबोले भाइयों को अपनाकर इस परंपरा को जीवंत रखा है। इसी क्रम में,अपनी बेटी सुगंधा सिंह की शादी के दौरान भी उन्होंने अपने अन्य मुंहबोले भाई, सलीम सैफी से भात मांगकर एकता का संदेश दिया था। इस अवसर पर मंत्री देवी ने सभी देशवासियों को भैय्या दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "मैं सभी को इस पावन पर्व की मुबारकबाद पेश करती हूं।

# भाई दूज के त्योहार पर मुस्लिम बहन ने अपने हिंदू भाई का तिलक कर की दीघार्यु की कामना



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर निवासी मुस्लिम बहन शाहजहां ने अपने मुंहबोले भाई व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता का तिलक कर ईश्वर से उनकी दीघार्यु और उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की है। शाहजहां बेगम जो कि नगर हसनपुर की ही निवासी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अली अहमद सैफी की पत्नी हैं, और व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता मोहल्ला होली वाला कस्बा हसनपुर के स्थाई निवासी हैं। ज्ञात रहे कि मुकेश गुप्ता और शाहजहां बेगम का भाई- बहन का ये पवित्र रिश्ता अब से लग-भग 26 वर्ष पुराना है। उनका कहना है कि हम लोगों के लिए वर्तमान समय का राजनीतिक प्रोपगंडा वाला हिन्दू-मुस्लिम विवाद बाधक नहीं, और हम दोनों परिवारों के द्वारा प्रतिएक वर्ष आने वाले सभी त्योहार दीपावली, भैयादूज, होली, रक्षाबंधन, और मीठी ईद मिलजुल मनाते हुए सुखमय जीवन व्यतीत करते रहे हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से हमारे देश की गंगा जमूनी तहजीब जिंदा है।
गौरतलब हो कि दोनों ही परिवार शिक्षित और गणमान्य होने के बावजूद हिन्दू- मुस्लिम एकता अखंडता को बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मिशाल का केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं। और उन्होंने अपनी और से सभी देशवासियों को भाई बहन के पवित्र त्योहार भाईदूज की शुभकामनाएं दी हैं। तथा देश में अमनचैन और खुशहाली बनाए रखने के लिए सभी देशवासियों से मिलजुल कर रहने की अपील की है।

# ओ.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला को एडुइकॉन अवाड्र्स 2025 में राष्ट्रीय सम्मान




**गजरौला/अमरोहा(सब का सपना):-**शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशाखापट्टनम के फेयरफील्ड बाय मैरियट होटल में आयोजित एडुइकॉन अवाड्र्स 2025 में ओ.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला (जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश) के सचिव एडवोकेट डॉ. पराग पंडित को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। यह आयोजन मल्ला ब्यूरो ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट और स्कूल ऑफ वंडर किड्स, विशाखापट्टनम के सहयोग से हुआ। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के प्रमुख शिक्षाविदों, समाजसेवियों और शिक्षा संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथियों में सांसद एम. भरत गरु, एम.एल.सी. आंध्र प्रदेश एम. वी. रामचंद्र रेड्डी गरु, आंध्र प्रदेश सरकार के सचिव डी. देवनंद रेड्डी गरु, NISA के अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा गरु, APPUSMA के पूर्व अध्यक्ष ए. कृष्ण रेड्डी गरु, APPUSMA के अध्यक्ष के. तुलसी विष्णु प्रसाद गरु, महासचिव डॉ. एस. श्रीनिवास राव गरु, ळफ्रटअ के अध्यक्ष एस. मधुसूदन गरु, और ब्रेनफीड एजुकेशनल मैगजीन के सीईओ ब्रह्मम वी. काकानी गरु शामिल थे। अतिथियों ने इस आयोजन को शैक्षिक जगत का पर्व करार देते हुए शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना की। डॉ. पराग पंडित को उनके शैक्षणिक नेतृत्व, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मॉडल, तकनीकी नवाचार, और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए ह्लएडुइकॉन अवार्ड झ्र 2025ह्व से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा ओ.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल में लागू नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाने के लिए प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करने के बाद डॉ. पंडित ने कहा, ह्लयह पुरस्कार केवल मेरा नहीं, बल्कि ओ.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल के पूरे परिवार, हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और गजरौला, हसनपुर तथा अमरोहा के नागरिकों का है। हमारा लक्ष्य हर बच्चे की प्रतिभा को पहचानकर उसे आधुनिक शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ वंडर किड्स के छात्रों ने रचनात्मक और प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दीं, जो आधुनिक शिक्षण के स्वरूप को दशार्ती थीं। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत लाइव डेमो क्लास में तनाव-मुक्त और नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। यादगार आयोजन मल्ला ब्यूरो ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट और स्कूल ऑफ वंडर किड्स की टीम ने इस आयोजन को अनुशासित और प्रेरणादायक बनाया। समारोह के अंत में सभी सम्मानित शिक्षाविदों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और राष्ट्र के उज्जवल शैक्षिक भविष्य की कामना की गई। यह सम्मान ओ.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल के लिए गर्व का क्षण है, जो शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है। यह पुरस्कार स्कूल के सामूहिक प्रयासों और समर्पण का प्रतीक है।

# छठ पूजा के लिए दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा ऐलान- घाट पर आने वालों को मिलेंगी ये सुविधाएं

नई दिल्ली : दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी में छठ पूजा की तैयारियों को लेकर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि दिल्ली सरकार इस बार छठ पूजा का त्योहार भव्य और बड़े पैमाने पर मनाने की तैयारी कर रही है। सीएम गुप्ता ने कहा कि सालों से यमुना घाट पर छठ पूजा होती रही है, लेकिन पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस पर रोक लगा दी थी। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार ने अब छठ पूजा पर लगी रोक को हटाने का काम किया है।" 17 मॉडल घाटों पर होगी पूजा सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस साल छठ पूजा के लिए दिल्ली में पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। यमुना नदी के किनारे पल्ला से लेकर कालिंदी तक 17 पॉइंट्स चिन्हित किए गए हैं, जहाँ मॉडल छठ घाट बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालु इन घाटों पर आराम से छठ पूजा कर



सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजधानी में छठ पूजा करने वाले सभी लोगों के लिए विशेष तरह के इंतजाम किए गए हैं। पिछली बार शहर में केवल 929 जगहों पर छठ मनाई गई थी, लेकिन इस बार 1000 से ज्यादा जगहों के लिए आवेदन आ चुके हैं। इन सभी स्थानों पर सरकार की ओर से सभी जरूरी सुविधाएँ दी जाएंगी।व्रतियों के लिए खास व्यवस्था सीएम ने कहा कि "हमने कर्तव्य पथ पर जैसी भव्य दिवाली मनाई, उतनी ही भव्य छठ पूजा भी होगी।" सरकार की तैयारियों में शामिल हैं: हर जिले में कम से कम एक मॉडल छठ घाट का निर्माण। छठ व्रतियों के लिए स्वागत गेट और सांस्कृतिक कार्यक्रम। सुबह अर्घ्य देने जाने वाले व्रतियों के लिए चाय-पानी की व्यवस्था। सभी घाटों पर मेडिकल सुविधाओं का इंतजाम। पुरानी FIR होंगी वापस सीएम रेखा गुप्ता ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि 2021 में यमुना पर छठ मनाने गए लोगों पर पिछली सरकार द्वारा धारा 188 के तहत जो केस दर्ज किए गए थे, हमारी सरकार उन सभी मामलों को वापस लेगी।

## खबर एक्सप्रेस

### गाजियाबाद में 45 करोड़ की लागत से तैयार होगा आधुनिक पार्क, क्या है मास्टर प्लान



गाजियाबाद। गाजियाबाद में मधुबन बापूधाम में करीब साढ़े छह एकड़ क्षेत्रफल में विकसित भारत 2047 थीम पर आधारित आधुनिक पार्क विकसित किया जाएगा। जीडीए ने इसके लिए रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) जारी करते हुए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। पार्क करीब 45 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। प्राधिकरण की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य विकसित भारत की परिकल्प को थीम पार्क में साकार रूप देना है। बोली प्रक्रिया के दौरान चयनित कंपनी को 15 वर्षों तक थीम पार्क का रखरखाव भी करना होगा। जीडीए में थीम पार्क तैयार करने की इच्छुक एजेंसी 14 नवंबर तक आवेदन दाखिल कर सकेंगी।आवेदन करने वाली एजेंसियां 15 नवंबर को आयोजित होने वाली बोली प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। पार्क के बनने से एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी और स्थानीय व बाहर से परिवार के साथ आने वाले लोगों को मनोरंजन व स्वास्थ्य के साथ ज्ञान भी मिलेगा। यहां आकर बच्चे खेल-खेल में भारत की विकास यात्रा को आसानी से जान सकेंगे।

### दिल्ली में 11 हजार बसों की जरूरत लेकिन... वेटिंग टाइम के सवाल पर क्या बोले परिवहन मंत्री



नई दिल्लीः दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि डीटीसी में बसों की कोई कमी नहीं है और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बेहतर तरीके से चल रही है। यह बयान एनबीटी में बसों की कमी से जुड़ी खबर छपने के बाद आया है। एनबीटी ने सड़कों पर बसों की कमी और यात्रियों को हो रही परेशानी को प्रमुखता से दिखाया था। बसों की संख्या बढ़ाने पर हो रहा काम पंकज सिंह ने माना कि यात्रियों के वेटिंग टाइम को कम करने के लिए बसों की संख्या बढ़ाने पर काम चल रहा है। आईआईटी दिल्ली द्वारा किए गए डिटेल एनालिसिस के आधार पर बस रूट रेशनलाइजेशन भी किया जा रहा है ताकि वेटिंग टाइम में कमी आ सके। उनका कहना है कि अगले साल तक बसों की संख्या 7,000 तक पहुंच जाएगी। 508 रूटो पर चल रही बसें मंत्री ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में कुल 50र रूट्स पर बसें चल रही हैं। इनमें 426 सिटी रूट्स, 12 एनसीआर रूट्स और 70 देवी बस रूट्स शामिल हैं। इन रूट्स पर कुल 4,000 से अधिक बसें चलाई जा रही हैं।राजधानी की सड़कों पर बसों की कमी अचानक नहीं हुई है। सरकार और डीटीसी मैनेजमेंट को पहले से पता था कि बसों की उम्र खत्म हो रही है, लेकिन नई बसों की खरीद में देरी और उसके बाद डिलिवरी न मिलने से यह समस्या और बढ़ गई है। दिल्ली में जहां यात्रियों की संख्या के लिहाज से करीब 11 हजार बसों की जरूरत है, वहीं फिलहाल आधी बसें ही सड़कों पर बची है। आइए जानते हैं बसों की कमी की प्रमुख वजहें... दिल्ली में डीटीसी के तहत आखिरी बार बसों की बड़ी खेप 2009 से 2011 के बीच कॉमनवेल्थ गेम्स के समय आई थी। उस दौरान ही साफ था कि बसों की अधिकतम उम्र 10 साल तय है। इसके बावजूद नई बसों की खरीद को गंभीरता से नहीं लिया गया।मंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग के पास फिलहाल करीब 4,000 बसें है, जबकि दिल्ली को 11,000 बसों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बसों के वेटिंग टाइम को कम करने के लिए काम चल रहा है। किसी भी रूट पर बस सेवा बंद नहीं की गई है। इसके अलावा टूटे बस क्यू शेल्टर्स को ठीक करने के लिए विभाग को निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### दिल्ली में गजब! रातभर सोता रहा मेट्रो प्रशासन, टनल में घुस कॉपर की केबल ले उड़े चोर



नई दिल्लीः शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के अंदर बने टनल में चार बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ये सभी जंगल के रास्ते दीवार फांदकर अंदर घुसे और पकड़े जाने से बचने के लिए सबसे पहले अलार्म वायर काट दिया। इसके बाद टनल के भीतर कॉपर की केबल काटकर जंगल के रास्ते फरार हो गए। हैरानी की बात यह रही कि मेट्रो प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। हालांकि पूरी वारदात टनल के एंट्री और एग्जिट गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। आईजीआई एयरपोर्ट मेट्रो पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। मेट्रो पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सुधीर कुमार शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर सहायक सेशन इंजीनियर के पद पर पिछले तीन साल से काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 15 और 16 अक्टूबर की रात चार लोग जंगल के रास्ते टनल में दाखिल हुए। उन्होंने सबसे पहले अलार्म वायर काटा और फिर टनल के भीतर जाकर करीब 3.5 कोर की 120 एसक्यू एमएम की कॉपर वायर चोरी कर ली।सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ घटना कुछ लोगों को टनल के एग्जिट गेट से बाहर निकलते देखा और तुरंत ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को सूचना दी। इसके बाद मेट्रो को रोका गया। जब सीसीटीवी फुटेज चेक की गई तो चारों आरोपी टनल के अंदर जाते और फिर बाहर निकलते दिखे। 16 और 17 अक्टूबर की रात सीआईएसएफ और डीएमआरसी की टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची। जांच में पता चला कि अलार्म वायर काटी गई थी और केबल चोरी की गई थी। इसके बाद मामला दर्ज किया गया। हालांकि अभी तक आरोपियों का सुराग नहीं मिल पाया है। 2024 में मेट्रो में चोरी के दर्ज हुए 43 मामले जानकारी के अनुसार, साल 2024 में मेट्रो में चोरी के कुल 43 मामले दर्ज हुए थे। इनमें 53 आरोपी पकड़े गए थे। लेकिन उस साल मेट्रो पुलिस सिर्फ 48.88% केस ही सुलझा सकी थी, जबकि 51% मामले अब भी अनसुलझे हैं।

## आईएनएस त्रिकंद ने जिबूती तट के पास अग्निशमन अभियान चलाया



नई दिल्ली भारतीय युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद ने जिबूती तट के पास कैमरून के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक पोत में आग लगने पर बचाव अभियान चलाया। आग लगने की इस घटना में वाणिज्यिक पोत के चालक दल के दो सदस्यों की मौत हो गई थी।भारतीय नौसेना के अनुसार, पोत एमटी फाल्कन में चालक दल के 26 सदस्य (एक ब्रिटिश और 25 भारतीय) थे और उनमें से 24 को आसपास मौजूद वाणिज्यिक पोतों ने बचा लिया। उसने बताया कि आईएनएस त्रिकंद को समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है और इसने पोत पर आग बुझाने में मदद की तथा खोज एवं बचाव कार्यों में सहायता प्रदान की। नौसेना ने एक्स पर लिखा, आईएनएस त्रिकंद के अग्निशमन और चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम एमटी फाल्कन पर सवार हुई और उसने भीषण गर्मी, क्षतिग्रस्त संरचनाओं और जहरीले धुएं का सामना करते हुए चालक दल के दो लापता सदस्यों के पार्थिव शरीर बरामद किए। उसने कहा, बाद में पार्थिव शरीर जिबूती स्थित भारतीय दूतावास को सौंप दिए गए।

## नई दिल्ली में राजस्थान फाउंडेशन का भव्य दीपावली सम्मेलन, प्रवासियों ने मनाया संस्कृति और एकता का उत्सव



नई दिल्लीः राजस्थान फाउंडेशन (दिल्ली चैप्टर) ने मारवाड़ी युवा मंच और मारवाड़ी सम्मेलन के सहयोग से बुधवार को नई दिल्ली में भव्य दीपावली सम्मेलन और संगीतमय संध्या का आयोजन किया। रोशनी और उल्लास के इस पर्व को प्रवासी राजस्थानियों ने बड़े उत्साह, सांस्कृतिक जोश और सामुदायिक भावना के साथ मनाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए (डॉ.) रामावतार किला, अध्यक्ष राजस्थान फाउंडेशन (दिल्ली चैप्टर) ने की। उन्होंने इस आयोजन के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर जोड़ने और राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के संकल्प को दोहराया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे श्याम सुंदर अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष झ कॉन्टिनेंटल मिल्कोज लिमिटेड। वहीं विशिष्ट अतिथियों में श्याम बागरी (संस्थापक, बागरी ग्रुप), गोविंद चौधरी (प्रबंध निदेशक, एनमोल इंडस्ट्रीज) और पवन कुमार गोयंका (राष्ट्रीय अध्यक्ष, मारवाड़ी सम्मेलन) शामिल रहे।इस अवसर पर उद्योग, वित्त, प्रशासन और समाजसेवा से जुड़े अनेक गणमान्य उपस्थित रहे, जिनमें सीए चरनजोत सिंह नंदा (अध्यक्ष, ICAI), सीए संजीव सिंगल (सेंट्रल काउंसिल सदस्य, ICAI), एस.के. रूंगटा (पूर्व अध्यक्ष, बाल्को), बजरंग बोथरा (अध्यक्ष, ईपैक ग्रुप), विजय राम रत्तन (अध्यक्ष, राम रत्तन ग्रुप), मनोज बंसल (एमडी, ग्रो मनी कैपिटल), डी.के. अग्रवाल (सीएमडी, एसएमसी इन्वेस्टमेंट्स एंड एडवाइजरी लिमिटेड) और विकास अग्रवाल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया मारवाड़ी युवा मंच) शामिल थे। इसके अलावा राजेश सिंघल, विमल खंडेलवाल, अर्पित जैन (IPS), डॉ. तरुण, कनिष्क यादव, जी.एन. भट्ट, विनोद किला, सुनील अग्रवाल, जितेंद्र बंथिया और एल.डी. सरावगी जैसे वरिष्ठ अतिथियों ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई।अपने संबोधन में डॉ. किला ने कहा, हम भले ही राजस्थान से दूर हों, पर राजस्थान आज भी हमारे दिलों में बसता है।

हमारी एकता, हमारे संस्कार और हमारी संवेदनशीलता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। इसी एकजुटता से हम अपनी संस्कृति की रोशनी को सदैव जगमगाते रख सकते हैं। संध्या में आकर्षक संगीत प्रस्तुतियाँ, प्रेरक वक्तव्य और दीपावली के उल्लास से भरा माहौल रहा। प्रवासी राजस्थानियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और सामाजिक व सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव चार नवंबर को प्रस्तावित, छह नवंबर को आ सकते हैं नतीजे



**नई दिल्ली :** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की चुनाव समिति ने बृहस्पतिवार को 2025-26 के छात्र संघ चुनावों के लिए अस्थायी कार्यक्रम जारी किया, जिसके तहत चार नवंबर को मतदान होगा और छह नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे।चुनाव प्रक्रिया 24 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक अनंतिम मतदाता सूची जारी होने तथा उसमें संशोधन शुरू करने के साथ शुरू होगी। नामांकन पत्र 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे के बीच जारी किए जाएंगे। उम्मीदवार 27 अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वैध नामांकनों की सूची 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जारी की जाएगी और उसी दिन अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे के बीच नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवारों की अंतिम सूची शाम सात बजे तक जारी कर दी जाएगी और उसके बाद रात आठ बजे प्रचार के लिए स्थान आवंटन के साथ एक प्रेस वार्ता होगी। चुनाव समिति के अध्यक्ष रविकांत द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है कि मतदान चार नवंबर को दो सत्रों में होगा- सुबह नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक। मतगणना रात नौ बजे शुरू होगी। अंतिम परिणाम छह नवंबर को घोषित किए जाएंगे। पिछले साल वामपंथी समर्थित समूहों ने चार केंद्रीय समिति के पदों में से तीन पर जीत हासिल की थी, जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने संयुक्त सचिव का पद हासिल किया, जो लगभग एक दशक में उसकी पहली जीत थी।

## दिल्लीः पांच वर्षीय बच्चे के अपहरण और हत्या के मामले में वाहन चालक गिरफ्तार



**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके में पांच साल के एक बच्चे का कथित तौर पर अपहरण करने और उसकी हत्या करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह हत्या बदला लेने के लिए की गई थी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आरोपी की पहचान नीतू के रूप में हुई है, जो स्थानीय ट्रांसपोर्टर एवं बच्चे के पिता के यहां वाहन चालक के रूप में काम करता था। उसे अपराध करने के एक दिन बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मंगलवार दोपहर को बच्चा नरेला स्थित अपने घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया जिसके बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नरेला औद्योगिक क्षेत्र में संदिग्ध अपहरण की सूचना मिली। उसने बताया कि तलाशी के दौरान बच्चा उसी इलाके में रहने वाले नीतू के किराए के कमरे में बेहोश पड़ा मिला। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बच्चे को पास के एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच से पता चलता है कि बच्चे की हत्या ईंटों और चाकू से हमला करके की गई है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि नीतू अपने नियोक्ता से नाराज था। शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान एक अन्य वाहन चालक के साथ दुर्व्यवहार करने पर नियोक्ता ने सोमवार को उसे डांटा था और थप्पड़ मारा था। अधिकारी ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि गुस्से में आकर नीतू ने लड़के को उसके घर के बाहर से अगवा कर लिया और उसे अपने कमरे में ले गया, जहां उसने उसकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटनाओं के सटीक क्रम का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि नरेला पुलिस थाने में हत्या और अपहरण सहित भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## इस साल सामान्य से ज्यादा होगी सर्दी, पड़ेगी कड़ाके की ठंड, आईएमडी ने इस राज्य के लिए किया अलर्ट



नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मानसून के जाने के बाद शरद ऋतु का मौसम दस्तक दे चुका है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और वायु गुणवत्ता निगरानी एजेंसियों के ताजा अनुमान के मुताबिक, 23 से 29 अक्टूबर के बीच आसमान साफ रहेगा, लेकिन स्मॉग से राहत मिलने में अभी कुछ समय लगेगा। साथ ही, दिल्ली-एनसीआर में दिसंबर से कड़ाके की ठंड शुरू होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे जनजीवन और उड़ानों पर भी असर पड़ सकता है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा समेत पूरे देश के किसानों से अपील की है कि वे पराली जलाने से बचें ताकि वायु गुणवत्ता बेहतर बनी रहे।

दिसंबर से ठंड की शुरूआत

मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली-एनसीआर में दिसंबर से कड़ाके की ठंड (Cold WÔve) शुरू हो सकती है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से ही तापमान धीरे-धीरे गिरने लगेगा और नवंबर में ठंड बढ़ेगी। फिलहाल अक्टूबर में तड़के स्मॉग से लोगों को परेशानी हो रही है। नवंबर के दूसरे सप्ताह में हल्का से मध्यम कोहरा पड़ने की संभावना है। दिसंबर में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। आईएमडी के अनुसार, इस साल सर्दी सामान्य से ज्यादा होने की संभावना है और दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच 15 से 20 दिन तक कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। जनवरी के मध्य और अंतिम सप्ताह में कोहरे के कारण उड़ानों में देरी या रद्द होने की संभावना बनी रहेगी।वीकेंड पर दिल्ली-एनसीआर का मौसम अगले कुछ दिन सुबह हल्का कोहरा छाया रहेगा, लेकिन दिन में धूप खिली रहेगी। हवा की गति 8-10 किमी/घंटा के बीच बनी रहेगी, जो प्रदूषकों को फैलाने में मददगार होगी। इस दौरान अदक का स्तर 120 से 150 के बीच रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने खासकर बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को सलाह दी है कि वे सुबह और शाम घर के बाहर कम जाएं और बाहर निकलते समय मास्क पहनें। वीकेंड पर रविवार (28 अक्टूबर) को दिल्ली-एनसीआर में धूप के साथ हल्की ठंडक रहेगी। तापमान 20 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है और AQI का स्तर 105 से 135 के बीच रहेगा।

## मुठभेड़ में ढेर हुए बदमाशों का नेपाल कनेक्शन, बिहार चुनाव से पहले खुली मोस्ट वांटेड की क्राइम कुंडली

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार के चार मोस्ट वांटेड को दिल्ली में मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। बिहार पुलिस और दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में ये बदमाश मारे गए हैं। बताया गया कि बिहार पुलिस ने कई दिनों से दिल्ली में डेरा डाला हुआ था। बिहार पुलिस को इन बदमाशों की लोकेशन नहीं मिल रही थी, लेकिन बुधवार की देर रात को बिहार पुलिस का दिल्ली में गैंग के चार बदमाशों से सामना हो गया। जिसके बाद पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बिहार के चार मोस्ट वांटेड मारे गए हैं।बिहार के डीजी ने कुछ दिन पहले दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा से कहा था कि सीतामढ़ी का कुख्यात रंजन पाठक अपने गिरोह के कुछ बदमाशों के साथ दिल्ली में छिपा हुआ है। उन्हें पकड़ने के लिए मदद करने का अनुरोध किया था, जिसके बाद दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने क्राइम ब्रांच को इसकी जिम्मेदारी सौंपी थी। सीतामढ़ी का यह गिरोह बेहद कुख्यात माना जाता है। बिहार पुलिस से गिरोह के कई बदमाशों पर इनाम भी है। दिल्ली क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे बेगमपुर इलाके में जब बदमाशों को घेरा तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने भी गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिसमें चारों बदमाश गोलियां लगने से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, सीतामढ़ी में हत्या के पांच मामले में रंजन पाठक वांटेड था। ये हत्याएं पिछले तीन चार माह के दौरान की गई थी। मुठभेड़ में ढेर हुए चारों अपराधियों की पहचान हो गई है।

## दिल्ली में लगातार दूसरे दिन हवा बेहद खराब, 8 साल तक कम हो सकती है उम्र

नई दिल्ली : दिल्ली की हवा अब सिर्फ धूल और धुएं से भरी नहीं रही, बल्कि लोगों की उम्र निगलने लगी है। शिकागो विश्वविद्यालय की एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स (AQLI) 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। यहां का ढट 2.5 स्तर WHO के मानक से 20 गुना ज्यादा है। रिपोर्ट की मानें तो अगर हालात नहीं बदले, तो दिल्लीवासियों की औसत उम्र 8.2 साल तक घट सकती है।

दिल्ली में हवा नहीं, जहर बह रहा है एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट (EPIC), शिकागो की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में दिल्ली में PM 2.5 का औसत स्तर 111.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जबकि WHO का मानक सिर्फ 5 माइक्रोग्राम है- यानी 22 गुना अधिक जहरीली हवा। ये सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक घुसकर सांस की बीमारियां, दिल के रोग और कैंसर जैसी घातक बीमारियां पैदा कर रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण स्थलों की धूल, और पराली जलाना इस प्रदूषण के मुख्य कारण हैं।

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-यूपी बने जहरीले जोन AQLI रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश दुनिया के सबसे प्रदूषित इलाकों में शामिल हैं। करीब 60 करोड़ लोग इस प्रदूषण की चपेट में हैं।दिल्ली में औसत उम्र 8.2 साल घट रही है, बिहार में 5.4 साल, हरियाणा में 5.3 साल, और यूपी में 5 साल तक। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर WHO मानकों के मुताबिक प्रदूषण घटाया जाए, तो हर भारतीय की उम्र औसतन 3.5 साल बढ़ सकती है।



दक्षिण एशिया पर मंडराता खतरा

भारत ही नहीं, इसके पड़ोसी देश भी वायु प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। बांग्लादेश सबसे ऊपर है, जहां हर व्यक्ति की उम्र औसतन 5.47 साल घट रही है। भारत दूसरे स्थान पर है (3.53 साल की कमी)। पाकिस्तान और नेपाल तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

2023 में फिर बढ़ा प्रदूषण स्तर

EPIC-इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 2002 के बाद एक समय प्रदूषण में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन 2023 में स्तर फिर तेजी से बढ़ा। देशभर में PM 2.5 का औसत स्तर 41 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज हुआ, जो WHO के मानक से 8 गुना ज्यादा है। उत्तर भारत के मैदानों में रहने वाले 54 करोड़ लोगों की उम्र 5 साल तक बढ़ सकती है, अगर हवा साफ हो जाए। अगर हवा हुई साफ, तो बढ़ जाएगी ज़िंदगी अगर PM 2.5 का स्तर WHO के 5 माइक्रोग्राम मानक तक पहुंचाया जाए, तो दिल्लीवासियों की औसत उम्र 8.2 साल तक बढ़ सकती है। देश की 46% आबादी ऐसे इलाकों में रहती है, जहां PM 2.5 स्तर 40 से ज्यादा है। सिर्फ इन जगहों पर प्रदूषण घटाने से ही लोगों की औसत उम्र 1.5 साल तक बढ़ सकती है। क्ली न एयर मिशन से मिली थोड़ी राहतकेंद्र सरकार ने 2019 में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) शुरू किया था, जिसका लक्ष्य था 2024 तक प्रदूषण को 20-30% तक घटाना। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक इस मिशन से 44 करोड़ लोगों की औसत उम्र 6 महीने तक बढ़ी है। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि यह सुधार पर्याप्त नहीं है- प्रदूषण नियंत्रण पर सख्ती और तकनीकी नवाचार की जरूरत है।

दिल्ली की हवा में आखिर घुलता जहर कहां से आता है?

हर सर्दी में दिल्ली की हवा जहरीली हो जाती है- सांस लेना मुश्किल, आंखों में जलन, और गले में खराश आम बात बन जाती है।

मुख्य कारण हैंः

पराली जलाना (पंजाब-हरियाणा से आने वाला धुआं)

वाहनों का उत्सर्जन

धूलभरी निर्माण गतिविधियां

औद्योगिक धुआं

समाधान क्या है?

वाहनों पर नियंत्रणः इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा, पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध।

# पराली जलाने पर कृषि विभाग हुआ सतर्क, 50 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त

सिरसा : हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को योजनाएं दी जा रही है, जिसका लाभ अब किसान उठाने लगे हैं। यही कारण है कि सिरसा जिले में इस बार पराली के अवशेष जलाने की घटनाओं में बहुत कमी देखने को मिली है। सिरसा जिले के कुछ जगहों को छोड़कर इस बार पराली के अवशेष न जलाकर किसान गांठे बनवा रहे हैं और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। सिरसा कृषि उपनिदेशक डॉक्टर सुखदेव कंबोज ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार किसान पराली के अवशेष न जलाकर उसकी गांठ बनवा रहे हैं और उन्हें बेचकर मुनाफा भी कमा रहे हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ भी ले रहे हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए कृषि उप निदेशक डॉक्टर सुखदेव कम्बोज ने बताया कि सिरसा जिले में इस बार किसानों को जागरूक करने के लिए विभाग की ओर से अलग-अलग जगह पर अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्कूलों में एक और जहां जागरूकता रैलियां निकाल किसानों और ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है तो वहीं कृषि विभाग के अधिकारी भी धरातल पर उतरकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं। यही कारण है कि इस बार पिछले सालों के मुकाबले कम मामले



सामने आए हैं। कृषि उप निदेशक ने बताया कि सिरसा जिले में इस बार 3,91,000 हेक्टेयर में धान की रोपाई की गई है, जिसकी अब तक लगभग 25 प्रतिशत तक कटाई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की अलग-अलग गांव में ड्यूटी भी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि गांव स्तर पर ग्रीन और येलो एरिया में हर 50 किसानों पर एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। वहीं, ग्रीन जोन ग्रामीण स्तर पर हर 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और गांव में टीमों की ओर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है और किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। पराली जलाने पर 5 किसानों पर FIR उन्होंने बताया कि इसको लेकर किसान जागरूक भी हुए हैं लेकिन कुछ किसानों द्वारा एक-दो स्थानों पर आगजनी की सूचना मिलने पर अभी तक कुल पांच किसानों पर एफआईआर दर्ज की गई है और उन पर 25000 जुर्माना भी किया गया है साथ ही उन किसानों की रेड एंट्री की गई है, जिससे वह किसान सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ न ले सके। उन्होंने बताया कि इस बार जिन किसानों ने फसल के अवशेष जलाए हैं। उनकी रेड एंट्री पंजीकरण पर हुई है जिससे किसान सरकार की योजनाओं का लाभ दो साल तक नहीं उठा पाएंगे। उप निदेशक ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अभी 75% धान की कटाई बाकी है किसान पराली के अवशेष न जलाकर सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। फसल के अवशेष आसानी से बेच सकते हैं इस बार धान के अवशेषों की मांग ज्यादा है और 175 रुपए से लेकर 200 पराली बिक रही है।

## सोनीपत में दर्दनाक हादसा, ट्रैक्टर के नीचे दबने से 2 किसानों की मौत, खेत में पानी लगाने जा रहे थे दोनों

सोनीपत : सोनीपत के गांव चिटाना खेतों की ओर जा रहे दो किसानों की ट्रैक्टर पलटने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देर रात गांव चिटाना के पास उस समय हुआ, जब सामने से आ रही क्रेटा गाड़ी की तेज एलईडी लाइट ट्रैक्टर चालक की आंखों में पड़ गई। दृश्यता खत्म होने से ट्रैक्टर असंतुलित होकर खेत में पलट गया। मृतकों की पहचान गांव चिटाना निवासी 39 वर्षीय मनोज और 25 वर्षीय योगेश के रूप में हुई है। दोनों नहरी पानी लगाने के लिए खेत जा रहे थे। ट्रैक्टर खेत में पलटा तो दोनों नीचे दब गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने शवों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार सोनीपत के गांव चिटाना के रहने वाले दो किसान योगेश और मनोज अपने प्रवासी मजदूर के साथ ट्रैक्टर से खेतो की तरफ जा रहे थे लेकिन जैसे ही वो गांव से बाहर



निकले तो सामने से आ रही एक कार की रोशनी मनोज की आंखों में लगी और उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेतो में जा गिरा, इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनका प्रवासी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, मोहाना थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों के अनुसार मनोज के पास एक बेटा है और खेती से ही परिवार का भरण-पोषण चल रहा था। वहीं, योगेश 12वीं के बाद खेती कर रहा था, उसका बड़ा भाई दिल्ली पुलिस में है। दोनों की मौत से गांव में शोक की लहर है। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता रविंद्र कुमार ने बताया कि गांव चिटाना के रहने वाले दो किसान योगेश और मनोज की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई है, इस हादसे की गंभीरता से जांच की जा रही है आखिरकार यह हादसा कैसे हुआ।

## चलती ट्रेन में यात्री से मारपीट, फिर नीचे उतारा... वेंडर व सुपरवाइजर पर केस

हिसारः हिसार रेलवे स्टेशन से बहादुरगढ़ जाने के - लिए गोरखधाम एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में सवार चूरू के धानौठी छोटी वासी प्रदीप ने रेलवे वेंडर रामकुमार व सुपरवाइजर मंजेस पर मारपीट करके फोन छीनने की कोशिश करने और चलती ट्रेन से नीचे उतारने के आरोप में केस दर्ज करवाया है। इस घटना के दौरान ट्रेन - से गिरकर सुपरवाइजर भी चोटिल हो गया। शिकायत में प्रदीप ने बताया कि 21 अक्टूबर की शाम 4:30 बजे उक्त ट्रेन में सवार हुआ था। उसकी सीट पर पानी की बोतलों की पेटियां रखी हुई थी। तभी वहां रेलवे वेंडर पानी की पेटी लेने आया जिसे कहा कि यहां से सभी पेटियां उठा लें। बोतलों से पानी निकलने के कारण हमारे कपड़े गीले हो रहे हैं। आरोप है कि वेंडर ने तर्क दिया कि



यह रेलवे की संपत्ति है और हम पेटियां नहीं उठाएंगे। ऐसे में हेल्पलाइन नंबर 139 पर शिकायत दर्ज करवा दी। जैसे ही भिवानी स्टेशन पहुंचे, वहां आरपीएफ में एचसी शंकर ने ऑनलाइन शिकायत पर संज्ञान लेकर ट्रेन से पानी की सभी पेटियों को नीचे उतार लिया। कुछ समय बाद सुपरवाइजर मंजेस ने आकर बहस की। जब कलानौर रेलवे स्टेशन के नजदीक पहुंचे तो उक्त दोनों शिकायत करने पर कहासुनी करते हुए थप्पड़ मारने लगे। उन्होंने स्टेशन पर चलती गाड़ी से नीचे उतार दिया और फोन छीनने का प्रयास किया। आरोप है कि दोनों से अन्य यात्रियों ने बचा लिया और मंजेस नीचे गिर गया और उसके सिर में चोट लग गई। यह देख पुनः 139 पर शिकायत दर्ज करवा दी। रोहतक रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस ने आकर बचाव किया। सुपरवाइजर को काबू कर लिया लेकिन वेंडर मौके से भाग गया। पुलिस ने 62, 115(2), 304, 351(2), 3(5) व 145 रेलवे अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया।

## सावधान बड़े साहब दौरे पर हैं... हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह का हरियाणा में विशेष ऑपरेशन

यमुनानगर : हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह देर रात हरियाणा के दौरे पर निकले । उन्होंने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक से सतर्कता बढ़ाने की आदेश दिए हैं। आपने एक्स पर उन्होंने लिखा है कि 35 मिनट में उन्होंने 50 किलोमीटर का सफर किया। यमुनानगर से पंचकूला रोड । इस दौरान ड्यूटी पर मात्र एक पुलिस की गाड़ी मिली लेकिन उसमें से भी कोई बाहर नहीं था। उन्होंने आगे लिखा कि अगले चार घंटे में नाईट पेट्रोलिंग पर हूं। मैं 112 vehicle, पुलिस चौकी, थाना और इंटर-स्टेट एवं इंटर-डिस्ट्रिक्ट नाके पर लगे पुलिस कर्मियों की उपस्थिति, कार्य स्थिति एवं दिक्कतों के बारे में जानना चाहूँगा। उन्होंने सभी जिलों के एसपी एवं सीपी को ऐसा ही करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि 11 बजे से पहले 200



शब्दों में मुझे ये बताये कि उन्होंने क्या कमियाँ पाई और उसे ठीक करने के लिए वे क्या करेंगे। इसी बीच पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह यमुनानगर पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के साथ उत्तर प्रदेश हरियाणा सीमा पर कलानौर पुलिस चौकी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दोनों राज्यों की सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने और हर आने जाने वाले वाहन पर नजर रखने के आदेश दिए। पुलिस महानिदेशक के इस दौरे के बाद सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक दौरे पर हैं। क्योंकि उन्हें 11 बजे तक पुलिस महानिदेशक को रिपोर्ट देनी है कि उन्होंने कहां-कहां दौरा किया और क्या कमियां पाई उनका क्या समाधान है।

## पंचकूला में डेरा ब्यास की जमीन पर लगे पेड़ गायब, एनजीटी ने मांगा जवाब

पंचकूलाः पंचकूला के बीर घग्गर स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यास डेरा में लगे देशी प्रजाति के हजारों पेड़ों की कटाई कर दी गई है। इसका खुलासा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की ओर से गठित कमेटी की रिपोर्ट में हुआ है।

एनजीटी ने अब इस मामले में पर्यावरण मंत्रालय, हरियाणा सरकार के वन विभाग, डेरा ब्यास और शिकायतकर्ता से जवाब मांगा है। वहीं, शिकायतकर्ता गौरव शर्मा ने आरोप लगाया है कि जब से उसने शिकायत की है उसे लगातार धमकियां दी जा रही हैं। इस पर एनजीटी ने संबंधित अथॉरिटी को निर्देश दिए कि ट्रिब्यूनल में शिकायत देने के कारण आवेदक को परेशान न किया जाए। हालांकि इन धमकियों के बाद गौरव को हरियाणा पुलिस से सुरक्षा मिल गई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी।



साल 1998 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ब्यास डेरा को पंचकूला के बीर घग्गर में 40 एकड़ जमीन हस्तांतरित की थी। जब यह जमीन हस्तांतरित की गई थी तो तब इस भूमि पर देशी प्रजातियों के 4,322 पेड़ और 1,128 पौधे लगे थे। इनमें खैर के 2,106 पेड़, सागौन के 136, शीशम के 721, यूकेलिप्टस की 199 और कीकर के 723 पेड़ थे। भूमि हस्तांतरण के समय मंत्रालय ने शर्त रखी थी कि यहां सिर्फ पौधरोपण किया जाएगा। कोई निर्माण नहीं होगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस भूमि पर लगे पेड़ों की कटाई कर दी गई है और भूमि पर अवैध निर्माण भी किया गया है। शिकायत पर एनजीटी ने भूमि के निरीक्षण व जांच के लिए सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीएम बेदी की अध्यक्षता में समिति गठित की।इस समिति में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन उप महानिदेशक सत्य प्रकाश नेगी और अंबाला के उत्तरी सर्किल के वन संरक्षक जितेंद्र अहलावत सदस्य थे।

## कृष्ण लाल पंवार व विपुल गोयल बिहार चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे पटना, नायब सैनी को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी

चंडीगढ़ : बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार हेतु हरियाणा के केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और केबिनेट मंत्री विपुल गोयल बिहार पहुंचे। यह आगामी 10-12 दिनों तक बिहार में दरभंगा, बेनीपुर, अलीनगर सहित अन्य विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार करेंगे। पंवार ने दावा किया है कि यह चुनाव भाजपा के लिए ऐतिहासिक विजय का साक्षी बनेगा। "बिहार में भाजपा ने 101 से ज्यादा उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। बिहार में पहले चरण का चुनाव छह नवंबर को होगा। ऐसे में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। हाईकमान ने इसके लिए हरियाणा समेत अन्य राज्यों के भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। हरियाणा में भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुज्जर, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, खेल मंत्री गौरव गौतम, विधायक ओम प्रकाश यादव, विधायक मुकेश शर्मा, विधायक सतीश कुमार फागना, विधायक धनेश अदलखा, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव, पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला समेत अन्य लोग शामिल हैं। इनमें से कुछ मंत्री बिहार का दौरा कर चुके हैं, जबकि कई अन्य विधायकों व मंत्रियों को



बाद में जिम्मेदारी दी जा सकती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पहले भी अन्य राज्यों के चुनाव में जिम्मेदारी मिलती रही है। पिछले साल धमाकेदार जीत के बाद पार्टी ने नायब सिंह सैनी को महाराष्ट्र और दिल्ली चुनाव में अहम भूमिका दी थी। दिल्ली में तो उन्होंने बहुत ही मुखर होकर चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने चुनाव प्रचार में प्रदूषित यमुना का मुद्दा बनाकर इसे चर्चा में ला दिया था। अब बिहार चुनाव में भी उन्हें अहम जिम्मेदारी दी गई है।" हरियाणा के केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी बिहार चुनाव अभियान के दौरान पटना पार्टी कार्यालय पहुंचे ।जहां पहुंचने पर उनका बिहार भाजपा कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया। गौर तलब है कि बेदी दीपावली से पहले भी बिहार चुनावों में समय लगा कर आए हैं। गौरतलब है कि बिहार चुनावों में हरियाणा के सी एम नायब सिंह सैनी भी कई जनसभाओं को संबोधित करने जा रहे हैं ।वह भी दीपावली से पहले बिहार होकर आए हैं।"इसके अलावा महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव,दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता भी सभा कर चुके हैं। पीएम मोदी 24 अक्तूबर से अपनी चुनावी सभा की शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की गांव से करेंगे।" एनडीए गठबंधन में भाजपा, जदयू , चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी , जीतन राम मांझी की और उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी शामिल हैं। भाजपा को 101 सीटें, जदयू को 101 सीटें, चिराग पासवान की पार्टी को 29 सीटें, जबकि मांझी और कुशवाहा की पार्टियों को 6-6 सीटें मिली हैं। कृष्ण बेदी का दावा है कि बिहार में पूरे देश की तरह देश के पी एम नरेंद्र मोदी का जादू जनता में है ।बिहार में भाजपा जिन सीटों पर चुनाव लड़ रही है सभी सीटें जीत कर मोदी जी की झोली में डालेगी। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें कुछ मंत्री बिहार का दौरा वापस करके आ गए हैं

## दिवाली के बाद हवा बनी जहर, AQI 421 पर पहुँचा, किसानों पर पराली केस.... खाप ने उठाए सवाल

जींदः दिवाली की रौनक अभी ठंडी भी न हुई थी कि जींद की हवा जहरीली हो चुकी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, मंगलवार शाम तक शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 421 तक पहुँच गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में है। यह देश का सबसे प्रदूषित शहर बन गया, जबकि रेवाड़ी के धारूहेड़ा में AQI 412 दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि पटाखों का धुआँ और हवा में ठहराव मुख्य कारण हैं। हरियाणा के 22 शहरों में अदक 'खराब' से 'गंभीर' स्तर पर पहुँच गया, जिससे ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP-2) लागू हो गया। निर्माण कार्य सीमित हो गए हैं और प्रदूषण स्त्रोतों पर निगरानी तेज कर दी गई है।

बिना लाइसेंस के 4 करोड़ के जले पटाखें

दिवाली से पहले जींद जिले में अवैध पटाखों की बिक्री चरम पर थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बिना लाइसेंस के बिना लाइसेंस के 4 करोड़ के पटाखें जले हैं, जो मुख्य रूप से पड़ोसी राज्यों से लाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के बावजूद 'ग्रीन पटाखों' की सीमित अनुमति का उल्लंघन हुआ। जिला प्रशासन ने कई दुकानों पर छापेमारी की, लेकिन अवैध व्यापारियों ने सड़कों और फुटपाथों पर बिक्री जारी रखी। इससे न केवल प्रदूषण बढ़ा, बल्कि



आगजनी का खतरा भी मंडराया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें सामान जब्ती और जुमार्ना शामिल है। किसानों पर पराली जलाने के 3 मुकदमेजींद जिले में फसल अवशेष जलाने के 3 मामले सामने आए हैं। सफीदों सदर थाना पुलिस ने मुआना गांव के साहब सिंह के खिलाफ 19 अक्तूबर को फसल अवशेष जलाने का मामला कृषि अधिकारी अमित वर्मा की शिकायत पर दर्ज किया है। जींद सदर थाना पुलिस ने बड़ौदी गांव के रविंद्र के खिलाफ 20 अक्तूबर को फसल अवशेष जलाने का मामला कृषि विभाग में सहायक तकनीकी प्रबंधक ऋषि पाल की शिकायत पर दर्ज किया है जबकि नरवाना सदर थाना पुलिस ने दनौदा कलां गांव के किसान पवन के खिलाफ 11 अक्तूबर को फसल अवशेष जलाने का मामला दर्ज किया है। माजरा खाप का तीखा प्रहारः 'सरकार किसानों को बदनाम कर रही, पटाखों पर क्यों चुप? 'इस कार्रवाई पर माजरा खाप के प्रेस प्रवक्ता ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, "सरकार किसानों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। जब सरकार पटाखे जलाने की इजाजत दे सकती है, तो किसानों को भी पराली जलाने की इजाजत देनी चाहिए।" प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि सैटेलाइट से किसानों की जलती पराली तो दिखाई देती है, लेकिन कंपनियों का धुआँ या दिवाली के पटाखों का धुआँ ट्रैक करने के लिए कोई सैटेलाइट क्यों नहीं? "अब कोई किसान पराली नहीं जलाता, लेकिन सरकार केवल किसानों को निशाना बना रही है।"

क्या कहते हैं विशेषज्ञ? वायु गुणवत्ता विशेषज्ञों का मानना है कि पटाखों से PM2.5 का स्तर 675 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुँच गया, जो 2021 के बाद सबसे अधिक है। पराली जलाने का योगदान 20-30% है, जबकि वाहन उत्सर्जन और उद्योग 50% से अधिक। सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्यों को चेतावनी दी है कि किसानों पर सख्ती के साथ वैकल्पिक प्रबंधन (जैसे सुपर एसएमएस मशीन) को बढ़ावा दें।

## हरियाणा की आंगनबाड़ियों में अब डाइट डॉक्टर तय करेंगी बच्चों की थाली! कम नमक, तेल और चीनी पर होगा फोकस



हरियाणाः हरियाणा की आंगनबाड़ियों में अब बच्चों और माताओं के आहार का निर्धारण विशेषज्ञों के हाथों में होगा। महिला एवं बाल विकास विभाग (WCD) में न्यूट्रिशनिस्ट के पदों पर भर्ती के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग ने परीक्षा की तैयारी तेज कर दी है। आयोग ने न सिर्फ परीक्षा की तिथि तय करने की दिशा में कदम बढ़ाया है, बल्कि नया परीक्षा पाठ्यक्रम (सिलेबस) भी जारी किया है। इस भर्ती का उद्देश्य प्रदेश के बच्चों और गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार करना है। अब न्यूट्रिशनिस्ट आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए संतुलित आहार तय करेंगे जिसमें स्थानीय और सस्ते खाद्य पदार्थों से पौष्टिक भोजन तैयार करने पर जोर रहेगा। इस परीक्षा और नियुक्ति के बाद राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर आंगनबाड़ी में एक प्रशिक्षित पोषण विशेषज्ञ तैनात हो, जो माताओं और बच्चों की डाइट को वैज्ञानिक आधार पर सुधार सके। विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे राज्य में कुपोषण दर में कमी आएगी और स्मार्ट न्यूट्रिशन के मॉडल को जमीनी स्तर पर लागू किया जा सकेगा। यह पद केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। पात्रता के लिए एमएससी (गृह विज्ञान) की डिग्री अनिवार्य रखी गई है। एचपीएससी ने बताया कि परीक्षा में नॉलेज एंड स्क्रीनिंग टेस्ट दोनों शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य ऐसे उम्मीदवारों का चयन करना है जो न सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान रखती हों, बल्कि मैदान में व्यावहारिक रूप से आंगनबाड़ी स्तर पर बदलाव ला सकें।

## मनोहर लाल ने पुश्तैनी जमीन बेचकर एक करोड़ पीएम राहत कोष में दान देना का ऐलान, अब बनेगा माँ शांति देवी पुस्तकालय

चंडीगढ़ : केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवासन मंत्री तथा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोहतक जिले में स्थित अपने पुश्तैनी गाँव बनियानी में करीब डेढ़ एकड़ जमीन को बेचकर मिली धनराशि प्रधानमंत्री राहत कोष में देने का ऐलान किया है। गाँव बनियानी में मनोहर लाल की



पुश्तैनी जमीन में से करीब डेढ़ एकड़ उनके हिस्से में आई थी। मनोहर लाल ने यह जमीन बेच दी है। जिसकी एवज में उन्हें करीब एक करोड़ रुपए मिले हैं। इसके अलावा मनोहर लाल ने अपना पुश्तैनी घर माँ शांति देवी पुस्तकालय के नाम पर दान करने का ऐलान किया है। मनोहर लाल के इस आवास को पुस्तकालय में बदला जाएगा जहां ग्रामीण अंचल के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए अनुकूल माहौल मिलेगा। इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री अपने हिस्से की जमीन बेचकर प्रधानमंत्री राहत कोष में सहयोग किया था।

## 3 महीने पहले की थी 18 वर्षीय युवती ने लव मैरिज, अब कर दी अपनी जिंदगी खत्म

जींद,ः जींद के अलेवा क्षेत्र में 18 वर्षीय एक नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर निगलने से मौत हो गई। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी हीना के हुई है। उसने 3 महीने पहले ही लव मैरिज की थी। महिला के मायके वालों ने ससुरालजनों पर जबरदस्ती जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में दोनों पक्षों में बहस भी हुई। जानकारी अनुसार हीना ने 3 महीने पहले कलीम के साथ प्रेम विवाह हुआ था। शादी के बाद हीना अपने ससुरालजनों के साथ जींद के गांव चूहड़पुर में रह रही थी। वहां पर कलीम के परिवार ने अमरूद के बाग का ठेका लिया हुआ था। सारा परिवार यहीं रह रहा था। हीना ने गत दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसे इलाज के लिए जींद शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। बहन रूबिना ने आरोप लगाया है कि हीना को उसके ससुरालजनों ने जबरदस्ती जहर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बहस भी हुई। वही अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम ने बताया कि मृतका के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस ने इत्तेफाकिया कार्रवाई कर शव पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## हरियाणा में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हुई सख्ती, राज्य महिला आयोग ने लिए तीन बड़े फैसले



चंडीगढ़ः महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हरियाणा राज्य महिला आयोग ने तीन बड़े फैसले लिए हैं। इनमें राज्य के हर जिम में महिला ट्रेनर और विश्वविद्यालय, कॉलेज या संस्थान में रात में काम करने वाली महिला कर्मचारियों के लाने-ले जाने वाली कैब में महिला ड्राइवर अनिवार्य होगी। इसके अलावा इच्छुक महिलाओं को कैब ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी आयोग की तरफ से निशुल्क दिलाया जाएगा। आयोग ने साफ किया है कि आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने सख्त रुख अपनाया है।हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि राज्य के सभी जिम में अब कम से कम एक महिला प्रशिक्षक का होना अनिवार्य होगा। आयोग के मुताबिक इससे महिलाओं की सुरक्षा, गोपनीयता और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। राज्य महिला आयोग ने तय किया है कि प्रदेश की इच्छुक महिलाओं को कैब ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और परिवहन क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना है। आयोग का मानना है कि रात में सफर करने वाली महिलाओं के लिए यह कदम सुरक्षा कवच साबित होगा। रेनू भाटिया ने बताया कि दिल्ली और केरल में महिलाओं को ऑटो और टैक्सी ड्राइविंग की ट्रेनिंग दी जाती रही है। इन्हीं अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए हरियाणा महिला आयोग ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि आयोग का यह फैसला साफ संदेश देता है कि अब महिलाओं की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। आयोग सोमवार तक इन तीनों फैसलों पर लिखित आदेश जारी करेगा।जिम में महिला प्रशिक्षक होने से महिलाएं सहज महसूस करेंगी और अपनी फिटनेस पर खुलकर ध्यान दे सकेंगी। कई बार जिम में महिलाओं के साथ अभद्रता या छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आती हैं। नई व्यवस्था लागू होने से ऐसी घटनाओं में कमी आ सकेगी। उन्होंने कहा कि महिला कर्मचारियों को लाने-ले जाने वाली कैब में महिला चालक होने से उन महिलाओं को राहत मिलेगी जो देर रात तक काम करती हैं। इससे कामकाजी महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और महिलाएं निर्भय निर्भय होकर कार्यस्थल पर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकेंगी।

